POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 17.02.2026

1. थाना इकोटेक-3 पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अष्ठधातु से निर्मित प्राचीन प्रतिमा, चांदी के पांडुशिला के 08 टुकड़े, 01 नारियल, 01 कलश बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 16.02.2026 को थाना इकोटेक-3 पर सूचना मिली कि सैनीपुरा गांव में स्थित जैन मंदिर में कार्यरत मुलायम व चेतन द्वारा मंदिर में स्थापित चांदी की पांडुशिला, नारियल, कलश व 01 अष्ठधातु से निर्मित लगभग 800 वर्ष प्राचीन प्रतिमा चोरी कर ली गई है। वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना इकोटेक 3 पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **17.02.2026 थाना इकोटेक-3 पुलिस** द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व गोपनीय सूचना की सहायता से चोरी करने वाले 02 अभियुक्त 1. मुलायम सिंह पुत्र परसू सिंह 2. चेतन पुत्र जय प्रकाश को थाना क्षेत्रांतर्गत सुनपुरा गांव से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 अष्ठधातु से निर्मित प्राचीन प्रतिमा, चांदी के पांडुशिला के 08 टुकड़े, चांदी का 01 नारियल, चांदी का 01 कलश बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. मुलायम सिंह पुत्र परसू सिंह निवासी ग्राम बिजोरी पाठक, थाना हटा, दमोह (मध्यप्रदेश)।
2. चेतन पुत्र जय प्रकाश निवासी ग्राम धूम मानिकपुर, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

मु0अ0सं0- 68/2026 धारा 305(d) बीएनएस, थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. 01 अष्ठधातु से निर्मित प्राचीन प्रतिमा
2. चांदी के पांडुशिला के 08 टुकड़े, चांदी का 01 नारियल, चांदी 01 कलश